ARMY PUBLIC SCHOOL SHILLONG

ANNUAL EXAMINATION 2022 -2023

SUBJECT: HINDI

CLASS - III (THREE)

TIME: 2 Hours 30 Minutes **Maximum Marks: 80**

1. *प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ें ।*
2. *प्रश्नपत्र चार खंडो में विभाजित है - क , ख , ग और घ |*
3. *केवल उत्तर लिख सकते हैं । उत्तर की क्रम संख्या सही लिखें ।*

खंड क - अपठित गद्यांश

1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1x6=6

साइकिल बहुत ही सस्ती सवारी है | मोटरकारों की तरह इसे पेट्रोल या डीज़ल की आवश्यकता नहीं पड़ती है | साइकिल से वायु प्रदूषण या ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता | छोटे बच्चों को तो यह विशेष प्रिय है | आजकल बाज़ार में साइकिलों के एक से बढ़कर एक मॉडल उपलब्ध हैं |

क) साइकिल कैसी सवारी है ?

ख) मोटरकारों की तरह साइकिल को क्या नहीं चाहिए ?

ग) साइकिल से क्या नहीं होता ?

घ) साइकिल किन्हें विशेष प्रिय है ?

ङ) आजकल बाज़ार में साइकिलों के कैसे मॉडल उपलब्ध हैं ?

च) खाली स्थान भरिए:

_______________ से वायु या ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता|

खंड ख - व्याकरण

2. नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1x6=6

क) पानी ख) पाठशाला ग) सूर्य घ) बगीचा ड.) आकाश च) पेड़

3. सही योजक शब्द चुनकर वाक्य पूरे करिए : 1x6=6

और, क्योंकि, लेकिन, या, परंतु

क) वरुण ने अच्छा खेला ____________ जीत नहीं सका |

ख) राधा __________ निशा झूला झूल रही हैं |

ग) आज मैं विद्यालय नहीं जाऊँगा _____________ मुझे बुखार है |

घ) तुम खाना खाओ ________ ना खाओ, मुझे क्या ?

ङ) मैं समय पर पहुँच जाता ___________ वाहन ही नहीं मिला |

च) छाता ले लो ___________ वर्षा होने वाली है |

4. दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखें : 1x6=6

क) लड़की ख) पुस्तक ग) मेला घ) छुट्टी ङ) मिठाई

च) नदी

5. नीचे लिखे वाक्यों में आए विशेषण शब्द चुनकर लिखें : 1x6=6

क) माँ स्वादिष्ट खीर बनाती हैं |

ख) आम रसीले हैं |

ग) आज रोमा ने पीले कपड़े पहने हैं |

घ) मुझे गरम चाय पसंद है |

ड.) बीमार आदमी से चला नहीं जाता |

च) फूल सुंदर है |

6. इन शब्दों के उल्टे अर्थवाले (विलोम) शब्द लिखो : 1x6=6

क) बाहर ख) सुख ग) काला घ) खरीदना ङ) छोटा च) पक्का

खंड ग - पाठ्य पुस्तक

7. सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1x6=6

क) सर हम्फ्रे डेवी का भाषण सुनने के लिए माइकल को पैसे किसने दिए ?

i) पिता ने ii) गुरु ने iii) मालिक ने iv) वृद्ध व्यक्ति ने

ख) नारियल में कौन-सा अंग मनुष्य जैसा होता है ?

i) जीभ ii) पैर iii) गला iv) आँख

ग) अंकित कौन-से मेले में गया ?

i) विश्व पुस्तक मेले में ii) दशहरे के मेले में

iii) दीवाली मेले में iv) व्यापार मेले में

घ) पौधे के कितने भाग होते हैं ?

i) आठ ii) दो iii) छह iv) पाँच

ङ) दीवाली पर गीत सुनाते हैं -

i) हँसी-खुशी के ii) नाचने के iii) उदासी के iv) बच्चों के

च) “समय का मोल” कविता के अनुसार बहुत सारे फूलों के मिलने से क्या बनता है ?

i) गुलदस्ता ii) ईंट iii) तालाब iv) भोजन

8. समान तुकवाले शब्द चुनकर लिखो : 1x6=6

मनाओ, त्योहार, चहकते, उजियारा, सारे, समाया

क) अनार ख) सारा ग) महकते घ) जलाओ ङ) लहराया च) न्यारे

9. नीचे लिखे वाक्यों के लिए सही या गलत लिखिए : 1x5=5

क) अंकित दिल्ली में रहता है |

ख) अंकित अपने पिता जी के साथ विश्व पुस्तक मेला देखने गया था |

ग) बड़ा मुँह कंघी का होता है |

घ) सर हम्फ्रे डेवी का भाषण सुनने के लिए माइकल को पैसे पिता जी ने दिए |

ङ) "समय का मोल" कविता से हमें यह सीख मिलती है कि समय अनमोल होता है |

10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखो : 1x4=4

मासिक, वार्षिक, पुस्तकालय, वैज्ञानिक

क) जहाँ पढ़ने के लिए पुस्तकें रखी जाती हैं - _______________

ख) प्रति मास होने वाला - _______________

ग) वर्ष में एक बार होने वाला - _______________

घ) जो विज्ञान से संबंधित हो - _______________

11. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरो : 1x4=4

टिकट, कतार, अनोखी, चीजें

क) मेले में जानेवालों की लंबी ____________ लगी थी|

ख) हम __________ खरीदकर अंदर पहुँचे |

ग) मुझे भी उपहार में कुछ ___________ मिलीं |

घ) मेले में पुस्तकों की ___________ दुनिया देखकर मुझे अच्छा लगा |

12. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 2x5=10

क) पल और युग में क्या अंतर है ?

ख) कंघी और मनुष्य के दाँतों में अंतर लिखो ?

ग) जूते और मनुष्य में क्या समानता होती है ?

घ) किन बातों से पता चलता है कि माइकल बिजली के विषय में रुचि रखता था?

ङ) माइकल की इच्छा किस प्रकार पूरी हुई ?

खंड - घ

13. **दिए गए शब्दों के वाक्य बनाइए :** 1x3=3

क) त्योहार ख) पौधा ग) वृक्ष

14. **किसी एक विषय पर छह पंक्तियों का अनुच्छेद लिखिए :** 6

"मेरा घर" या "मेरा प्रिय त्योहार"

****